# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की आज अध्यक्षता की। वह कल भी इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। कल से शुरू हुए तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन केंद्र और राज्य को एक मंच पर लाकर, देश की मानव पूंजी क्षमता और समावेशिता को बढ़ाने तथा भविष्य में विकास की गति तेज करने के लिए एकीकृत रोडमैप तैयार करेगा। सम्मेलन में 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' विषय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पांच प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा होगी। यह क्षेत्र हैं– प्रारंभिक बाल्यावस्था, स्कूली और उच्च शिक्षा तथा कौशल विकास, खेल और पाठ्येतर गतिविधियां। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से विशाल शर्मा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मिशन शक्ति की सफलता सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से ही संभव है। वह आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस मंथन–2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री योगी ने कहा कि महिला सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करना होगा। महिलाओं की सुरक्षा दो स्तरों पर सुनिश्चित करना आवश्यक है– आंतरिक और बाह्य। परिवार और समाज में ऐसा सुरक्षित वातावरण बने, जहां महिलाएं निर्भीक होकर अपनी बात साझा कर सकें। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक स्थलों पर एंटी रोमियो स्क्वॉड और महिला बीट पुलिस के माध्यम से सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्री योगी ने महिला बीट पुलिस को संवाद, जागरूकता और त्वरित सहायता की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दसवें सिख गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि अन्याय व अधर्म के विरुद्ध श्री गुरू गोविंद सिंह जी का संघर्ष और धर्मरक्षा का संदेश संपूर्ण मानवता को सत्य, निष्ठा एवं निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, संतकबीरनगर के विभिन्न गुरुद्वारों से सुबह नगर कीर्तन और प्रभात फेरियां निकाली गईं। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है।

**********

प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला–2026 की तैयारियां जोरों पर हैं। मेले के दौरान श्रद्धालुओ की सुरक्षा और सुगम यातायात पर प्रदेश सरकार का विशेष जोर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में मेले की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, सामाजिक अनुशासन और प्रशासनिक दक्षता का जीवंत उदाहरण है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष पन्द्रह से पच्चीस लाख श्रद्धालु कल्पवासी होंगे, जबकि पूरे मेला काल में बारह से पन्द्रह करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख स्नान पर्वों पर किसी भी प्रकार का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू न किया जाए और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से इकतीस दिसंबर तक पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में बताया गया कि माघ मेला–2026 का आयोजन तीन जनवरी से पन्द्रह फरवरी–2026 तक चौवालीस दिनों तक होगा।

**********

प्रदेश भर में घने कोहरे और भीषण ठंड का सिलसिला जारी है। घने कोहरे का असर रेल और वायु यातायात पर भी पड़ रहा है। बड़ी संख्या में ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों विलम्ब से चल रही हैं। प्रदेश सरकार ने जिला प्रशासन, सभी नगर निगमों और नगर पंचायतों को अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही असहायों और जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जनपदों में आगामी तीन दिनों तक के लिए घने कोहरे और शीत दिवस का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********